# नीट में एलन के टॉप-10 में 4 स्टूडेंट एवं टॉप-100 में 39 स्टूडेंट

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से घोषित नीट-यूजी 2025 के रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। नीट-यूजी 2025 में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स में देश में टॉप रैंक्स के साथ-साथ बड़ी संख्या में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एडमिशन सुनिश्चित किया है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि परिणामों में एलन के क्लासरूम कोर्स के स्टूडेंट मृणाल झा ने ऑल इंडिया रैंक-04 प्राप्त की है। इसके साथ ही टॉप-10 में चार

- एलन के मृणाल झा एआईआर-4 और आशी सिंह ऑल इंडिया गर्ल्स में रैंक-2



कोटा एलन कोचिंग ने नीट की सफलता पर स्टूडेन्टस का अभिनंदन किया।

स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया है, इसमें केशव मित्तल ने ऑल इंडिया रैंक 07, भव्य चिराग झा ने ऑल इंडिया रैंक 08 प्राप्त की, ये तीनों एलन के क्लासरूम स्टूडेंट हैं तथा आरव अग्रवाल ने ऑल इंडिया रैंक 10 प्राप्त की है जो कि दूरस्थ शिक्षा से एलन से जुड़े हैं। एलन की आशी सिंह ने ऑल इंडिया रैंक-12 प्राप्त की है तथा ऑल इंडिया गर्ल्स कैटेगिरी में रैंक-2 पर रही हैं। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार टॉप-50 में एलन 19 स्टूडेंट्स तथा टॉप-100 में एलन के 39 स्टूडेंट हैं। इसमें 30 क्लासरूम प्रोग्राम से है। 9 डिस्टेंस लर्निंग एवं ऑनलाइन टेस्ट सीरीज प्रोग्राम से हैं। एलन के निदेशक डॉ.गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ.नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने सभी सफल स्टूडेंट्स व उनके अभिभावकों को बधाई दी है।

सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि गुणवत्ता के साथ-साथ संख्या की दृष्टि से भी एलन के परिणाम बेहतर रहे हैं। परिणाम देखे जाने तक बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ऐसे सामने आ रहे हैं, जिनका प्रवेश गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए सुनिश्चित माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि एलन श्रेष्ठता में विश्वास रखता है। श्रेष्ठ माहौल, श्रेष्ठ फैकल्टीज के साथ ही एलन श्रेष्ठ परिणाम दे रहा है। मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम्स में गत 16 वर्षों में एलन के 13 क्लासरूम स्टूडेंट्स ने ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की है। वर्ष 2024 में चिकित्सा शिक्षा के लिए देश के श्रेष्ठ संस्थान माने जाने वाले एम्स इंस्टीट्यूट में प्रवेश लेने वाला हर चौथा स्टूडेंट एलन से था।

इसके साथ ही गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेजों में एलन के 10450 से अधिक स्टूडेंट्स का प्रवेश हुआ। उन्होंने कहा कि एलन रिजल्ट्स की ऑथेटिंसिटी एवं ट्रांसपरेंसी में भी विश्वास रखता है और इसे बरकरार रखने के लिए अपने रिजल्ट्स को देश की बड़ी ऑडिट फर्म ई-वाई इंडिया से वैलिडेट करवाया है।

उल्लेखनीय है कि जेईई-एडवांस्ड-2025 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम स्टूडेंट राजित गुप्ता ने ऑल इंडिया टॉप किया। टॉप-10 में 4 क्लासरूम स्टूडेंट्स और टॉप-100 में सर्वाधिक 46 स्टूडेंट्स एलन से रहे।

# कोटा आकाश ने क्लासरूम सिस्टम में साबित की काबिलियत

**कोटा,** (निसं)। नीट का परिणाम घोषित होने के साथ ही कोटा में एक बार फिर जश्न का माहौल है। कोटा कोचिंग के क्लास रूम स्टूडेन्टस भले ही इस बार टॉप रैंक हासिल नही कर पाये हों लेकिन यहां के कोचिंग सिस्टम ने टॉप-10 और टॉप-100 में स्टूडेन्टस का सलेक्शन दे कर यहां की काबिलियत साबित की है। कोटा आकाश कोचिंग के क्लासरूम स्टूडेन्टस अभिजीत ने ऑल इण्डिया 25 रैंक हासिल की है और जो दावों के अनुसार कोटा क्लास रूप कोचिंग

- ऑल इण्डिया रैंक-25 पर कोटा आकाश के अभिजीत और सीकर क्लासरूम से कवीश ने बनाई 35वीं रैंक
- टॉप टेन में आकाश के 5 स्टूडेन्टस



कोटा आकाश कोचिंग क्लासरूम की सफलता पर जश्न का माहौल है

की दूसरी टॉप रैंक है।

इसके अलावा राजस्थान में आकाश कोचिंग की सफलता की बात करें तो सीकर क्लास रूम कोचिंग से आकाश के स्टूडेन्टस कवीश ने ऑल इण्डिया 35वीं रैंक हासिल की है। आकाश कोचिंग ने टॉप 10 में 2, 3, 6, 9 और 10वीं रैंक हासिल की है जबकि टॉप-100 में आकाश के 29 स्टूडेन्टस ने कब्जा जमाया है। आकाश कोचिंग राजस्थान के रीजनल डायरेक्टर अखिलेश दीक्षित इस सफलता से खासा उत्साहित है। उन्होंने कहा कि घोषित परिणामों में सभी विद्यार्थियों की सफलता महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इसमें विद्यार्थियों के साथ शिक्षक, अभिभावक सभी का योगदान होता है। लेकिन एक रैंक निकलना बहुत ही परिश्रम का परिणाम होता है। कोटा आकाश लगातार अपने स्टून्डेन्टस पर बारिकी से ध्यान रखे हुए था। यह बड़ी उपलब्धि है कि हमने मात्र ढाई हजार स्टूडेन्टस में कोटा क्लासरूम कोचिंग से श्रेष्ठ रैंक दी है। कोटा आकाश द्वारा इस तरह का परिणाम दिये जाने के बाद इसे कोटा के लिये एक सुखद कदम माना जा रहा है। आकाश नीट के एग्जाम में वैसे ही पूरे देश में अपनी श्रेष्ठता साबित कर चुका है। ऐसे में कोटा जिसे कोचिंग का हब कहा जाता है वहां पर क्लास रूम से श्रेष्ठ रैंक निकाले जाने से कोटा आकाश स्टून्डेन्टस की महत्वपूर्ण पसंद में शामिल हो सकता है। इस सफलता को कोटा आकाश ने जमकर सेलिब्रेट किया है।

## सार-समाचार

### दो किलो अफीम के साथ तस्कर गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान में अवैध मादक पदार्थो की तस्करी पर रोक लगाने के अपने सतत प्रयासों के तहत केन्द्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.) ने अवैध अफीम को जब्त करने में सफलता प्राप्त की है। यह कार्यवाही उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल के मार्गदर्शन में की गई। उप नारकोटिक्स आयुक्त ने बताया कि केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.),चित्तौड़गढ़ सेल के अधिकारियों ने नरपतखेड़ी फ्लाईओवर, चित्तौड़गढ़ के पास एक मोटरसाइकिल को रोका और 2.170 किलोग्राम अवैध अफीम और एक बाइक को जब्त कर लिया गया है। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। उप नारकोटिक्स आयुक्त नरेश बुंदेल ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल में अवैध अफीम छिपाकर ले जा रहा है। उक्त सूचना पर केंद्रीय नारकोटिक्स ब्यूरो (सी.बी.एन.),चित्तौडगढ़ सेल के अधिकारियों की एक टीम को भेजा गया और संदिग्ध मार्ग पर निगरानी रखी गई और वहन की सफलतापूर्वक पहचान करने के बाद निवारक दल ने बाइक चला रहे व्यक्ति को रोका, और तलाशी के दौरान उसके पास से 2.170 किलोग्राम अवैध अफीम बरामद की गई। कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद बरामद अफीम और बाइक को जब्त कर लिया गया है और एन डी पी एस एक्ट में कार्यवाही करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। आगे की जांच प्रक्रिया जारी है।

### दुर्घटना के दिवंगतों को श्रद्धांजलि दी

**कोटा,** (निसं)। अहमदाबाद में हुई हृदयविदारक विमान दुर्घटना में असमय काल का ग्रास बने यात्रियों की आत्मा की शांति और सद्गति के लिए शनिवार को हाड़ौती संभाग कोचिंग समिति (रजि.) ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। समिति के सदस्यों और बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर पुष्प अर्पित किए और शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। इस अवसर पर, संभाग अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा ने दुख जताते हुए कहा, ष्यह अत्यंत पीड़ादायक है कि इस दुर्घटना में हमने न केवल कई यात्रियों को खोया है, बल्कि देश के कई होनहार भावी डॉक्टरों की जीवन लीला भी समय से पूर्व समाप्त हो गई। यह हमारे राष्ट्र के लिए एक बड़ी और अपूरणीय क्षति है। जिला अध्यक्ष सोनिया राठौड़ ने भी इस दुखद घड़ी पर गहरा शोक व्यक्त किया। श्रद्धांजलि सभा में संरक्षक राकेश मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम प्रकाश मेहता, महामंत्री धनेश विजयवर्गीय, कोषाध्यक्ष नरेश नागर, वीरेंद्र शर्मा, विशाल उपाध्याय, प्यारेलाल सिरोठा, गुंजन सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। सभी ने एकजुट होकर ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें, उनके परिवारों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें, और दुर्घटना में घायल हुए सभी व्यक्तियों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।

### आरकेपुरम थाने में कूलर भेंट किए

**कोटा,** (निसं)। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ द्वारा भीषण गर्मी में पुलिसकर्मियों को तीन बड़े कूलर भेंट कर राहत पहुंचने का प्रयास किया है। रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने बताया कि भीषण गर्मी को देखते हुए क्लब द्वारा आरकेपुरम पुलिस स्टेशन में तीन जंबो कूलर प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ आर बी गुप्ता, अनुराग अग्रवाल एवं क्लब सदस्यों के सहयोग से कार्यक्रम आयोजित कर भेंट किये गये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष राजेश कृष्ण बिरला विशिष्ट अतिथि सहायक औषधि नियंत्रक प्रहलाद मीणा, महेंद्र कुमार मारू थाना अधिकारी आरकेपुरम सहायक प्रान्तपाल आनंद खंडेलवाल ने भाग लिया। अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में सभी अतिथियों का स्वागत किया एवं बताया कि रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ शिक्षा स्वास्थ्य एवं सामाजिक सरोकार के कार्यों में हमेशा अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ.आरबी गुप्ता एवं अनुराग अग्रवाल को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। राजेश कृष्ण बिरला ने अपने उद्बोधन में क्लब द्वारा किए जा रहे सामाजिक सरोकार के कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि रोटरी क्लब कोटा नॉर्थ से प्रेरणा लेकर अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी आगे आना चाहिए और जरूरतमंद की मदद करनी चाहिए। थाना अधिकारी महेंद्र कुमार मारू ने क्लब द्वारा किए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। अंत में सचिव गौरव सूद ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों एवं क्लब सदस्यों मनीष बंसल, सुदर्शन शर्मा, विश्वनाथ सक्सेना एवं थाना स्टॉफ को सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

### पेयजल आपूर्ति आज आंशिक बंद

**रामगंजमण्डी,** (निसं)। रामगंजमंडी पेयजल परियोजना के इंटेक वेल अंबाकुई पर 14 जून शनिवार को तेज आंधी व बारिश के कारण शाम तक विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं होने से रामगंजमंडी क्षेत्र के समस्त ग्रामों एवं शहरों की 15 जून रविवार को होने वाली पेयजल आपूर्ति रामगंजमंडी, सातलखेड़ी, खैराबाद चेचट, मोड़क, उदपुरा व ग्रामीण क्षेत्रों में आंशिक बाधित रहेगी। सहायक अभियंता (ग्रामीण) पीएचईडी बलभद्र शर्मा ने बताया कि पेयजल के मुख्य पेयजल स्त्रोत अम्बाकुई पर रावतभाटा से पुरानी एवं जर्जर विद्युत लाइनों में आए दिन फाल्ट आने से लगातार पेयजल आपूर्ति बाधित हो रही है। जिससे ग्रीष्म काल में आमजन को पेयजल समस्या का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत आपूर्ति सुचारू होने पर पेयजल आपूर्ति सुचारू हो सकेगी।

### आज बिजली बंद रहेगी

**छबड़ा** (निसं)। प्रसारण विभाग द्वारा 132 केवी लाइन के तार खिचने का कार्य होने के कारण खोपर जीएसएस से सम्बंधित 11 केवी फीडर की विधुत आपूर्ति रविवार को 7 घण्टे बाधित रहेगी। सहायक अभियंता जयेन्द्र सिंह झाला ने बताया कि प्रसारण विभाग कवाई द्वारा 132 केवी लाइन के तार खिचने का कार्य होने के कारण खोपर जीएसएस से संचालित समस्त 11 केवी फ़ीडर की विद्युत आपूर्ति रविवार को सुबह 08 बजे से शाम 3 बजे तक बाधित रहेगी।

# सिंधु यूथ सर्किल सामाजिक सरोकार के कार्यों के तहत दिखाएगा चैरिटी मूवी शो

**कोटा,** (निसं)। सिंधु यूथ सर्किल सामाजिक सरोकार के कार्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है, इसी के तहत कई आयोजन कर निर्धन व जरूरतमंदों की मदद की जा रही है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर जरूरतमंदों को लाभांवित किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य संयोजक दीपक राजानी ने बताया कि सर्किल प्रतिवर्ष समर्पित भाव से कार्य कर रहा है। इसी के तहत यह चैरिटी मूवी शो फन सिनेमा सिटी मॉल में 22 जून 2025 को दिखाया जाएगा। अध्यक्ष कमल खत्री ने बताया कि यह शो अपने आप में विशेष होगा। यह मूवी डिसेबल बच्चों पर आधारित है, इस फिल्म के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने का प्रयास किया जाएगा और वह मुख्य धारा से जुड़ सकें इसका प्रयास किया जाएगा। सचिव कपिल सेवानी ने बताया कि इस फिल्म से प्राप्त आय को सामाजिक सेवा में खर्च किया जाएगा, चिकित्सा, शिक्षा, निर्धन की मदद में यह राशि खर्च होगी। शीघ्र ही जरूरतमंदों को, जिनके परिजन सक्षम नहीं है, उनका भी मेडिकल इंशोरेंस कराया जाएगा और अपनी सामाजिक भूमिका निभाएगा।

इस चैरिटी शो के टिकट विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा एवं सहकारी नागरिक बैंक के अध्यक्ष राजेश बिरला रहे। संदीप शर्मा ने कहा कि सिंधु यूथ सर्किल लगातार सेवा कार्य कर मदद कर रहा है, शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं। राजेश बिरला ने कहा कि सामाजिक कार्यों से ही व्यक्ति को अलग पहचान मिलती है, संस्कारवान व्यक्ति ही सेवा के लिए अग्रसर रहता है। सिंधु यूथ सर्किल ने गर्मी में वाटर कूलर लगाए, पानी की प्याऊ लगाई गई सहित कई कार्य किए। इस अवसर पर सभी संयोजकों का विशेष सहयोग रहा जिसमें तरुण चेनानी, आकाश धनवानी, दीपक थदानी, दीपक राजानी, हितेष दासवानी, कमलेश, हितेष सुखेजा, पंकज, सलाहकार योगेश रोहिडा, भरत माखिजा सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी कोटा नहीं बन पाया कैटल फ्री सिटी

**कोटा,** (निसं)। स्मार्ट सिटी कोटा को कैटल फ्री बनाने के लिये नगर निगम कोटा उत्तर व दक्षिण एवं नगर विकास न्यास द्वारा लगभग 300 करोड़ रूपयें खर्च कर दिये गये। इसके बावजूद शहर के मुख्य मार्गो व वार्डो की आवासीय कॉलोनियों में मवेशियों का जमावड़ा सड़कों पर यथावत बना हुआ है, जिससे शहर में दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

इस मामले में एडवोकेट लोकेश कुमार सैनी, पत्रकार धर्मबंधु आर्य, जगदीश अरविंद एवं जगदीश प्रसाद नायक ने शुक्रवार को स्थायी लोक अदालत में एक जनहित याचिका दायर की। जिसकी सुनवाई 2 जुलाई को होगी। इस मामले में न्यायाधीश ने आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण एवं आयुक्त कोटा उत्तर को 2 जुलाई को जवाब-तलब किया है। याचिका में बताया कि शहर को कैटल फ्री बनाने के लिये पूर्व राज्य सरकार ने धर्मपुरा गांव के पास 108 हैक्टेयर भूमि पर शहर के पशुपालकों के लिये देवनारायण एकीकृत आवासीय योजना के तहत 1200 पशुपालकों को आवासीय भूखंड रियायती दरों पर आवंटित किये। प्रदेश की इस प्रथम योजना में शेड सहित आवास, गोदाम, हाट बाजार, मानव एवं पशु चिकित्सालय, स्कूल, डेयरी उत्पाद बिक्री के लिये स्थान, बायोगैस प्लांट, सामुदायिक शौचालय, मेला ग्राउंड, रंगमंच, पानी, अंडरग्राउंड बिजली सप्लाई, सामुदायिक सुविधा केंद्र, पुलिस थाना सहित प्रवेश के लिये सिंहद्वार का निर्माण कराया गया। पशुओं के गोबर से आय बढ़ाने के लिये उसे खरीदकर प्रोसेस करने के लिये आधुनिक बायोगैस प्लांट लगाया गया। इस योजना का उद्देश्य शहरवासियों को मवेशियों की गंदगी से छुटकारा दिलाने, बेसहारा गौवंश की रक्षा एवं पशुपालकों को सुविधायुक्त आवास उपलब्ध करवाना रहा। इस ऐतिहासिक योजना में शहर के सभी पशुपालकों को भूखंड एवं आवास आवंटित कर उनमें शिफ्ट किया गया। इसके बावजूद योजना में पानी सहित अन्य सुविधाओं की कमी बताकर पशुपालकों ने दोबारा शहर की आवासीय कॉलोनियों में तबेले बनाकर बसना प्रारंभ कर दिया, जिससे मवेशियों की गंदगी के कारण शहर का स्वच्छता अभियान चौपट हो गया। इतना ही नहीं, आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी मवेशी शहर में आकर जमा हो रहे हैं।

शहर की इस प्रमुख जनसमस्या पर लगातार शिकायतें दर्ज कराने के बावजूद नगर निगम उत्तर एवं दक्षिण द्वारा कोई कदम नहीं उठाये जा रहे हैं। निगम के सूत्रों ने बताया कि नगर निगम की गौशाला की क्षमता 1100 गौवंश रखने की है, जबकि वर्तमान में वहां 3200 गौवंश है, जिससे उनके विचरण करने की जगह नहीं बची है। दुर्भाग्य से नगर निगम ने अभी तक शहर के बाहर एक और नई बड़ी गौशाला खोलने का प्रस्ताव राज्य सरकार को नहीं भेजा है। नगर निगम के आंकड़ों के अनुसार, इस वर्ष 1500 मवेशियों को सड़कों से पकडने पर 35 लाख रूपयें खर्च हो चुके हैं। इसके बावजूद आवासीय क्षेत्रों में मवेशियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। हाल ही में सुभाष नगर में सांड के हमले से एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इससे पहले कई नागरिक व कोचिंग छात्र सांडों से घायल हो चुके हैं। अप्रार्थी नगर निगम कोटा उत्तर एवं दक्षिण की अनदेखी से इस जनसमस्या का समाधान नहीं हो पा रहा है, जिससे पैदल सैर करने वाली महिलाओं में भय बना रहता है। याचिका में न्यायालय से अपील की गई कि जनहित में कोटा को कैटल मुक्त बनाने के लिये शहर में अवैध रूप से मवेशी बांधने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाये एवं पशुपालकों को देवनारायण एकीकृत आवासीय योजना में शिफ्ट नहीं होने पर नियमानुसार, उनको आवंटित आवास निरस्त करने के निर्देश प्रदान करें।

## सार-समाचार

### यूडी टैक्स जमा करने के लिए 70 नोटिस जारी

**छबड़ा** (निसं)। कस्बे में बड़ी संख्या में आवासीय प्रॉपर्टी का व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। नगर पालिका ने लगभग 70 लोंगो को यूडी टैक्स जमा करने के लिए नोटिस जारी किए हैं। टैक्स की राशि जमा नहीं करने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाए। ईओ यादवेंद्र यादव ने बताया कि कस्बे में 100 फीट रोड सहित अन्य जगहों पर आवासीय प्रॉपर्टी का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। यदि कोई व्यक्ति आवासीय संपत्ति का व्यवसायिक उपयोग करता है तो उसे नियम अनुसार संपत्ति का उपयोग परिवर्तन करवाना पडता है। उन्होंने ने कस्बे में व्यवसायिक उपयोग वाली प्रोपर्टी को चिन्हित कर 70 लोगों को यूडी टेक्स जमा कराने के लिए नोटिस जारी किए है। टैक्स की राशि जमा नहीं करने पर सीज की कार्रवाई की जाएगी।

### नीट में ऑल इंडिया 10117 रैंक प्राप्त की

**छबड़ा** (निसं)। कस्बा निवासी होनहार छात्र ने नीट की परीक्षा में ऑल इंडिया 10117 रैंक लाकर कस्बे व माता पिता का नाम रोशन किया है। पूर्व पार्षद शाकिर खान ने बताया कि सब्जीमंडी व्यापारी इसरार अहमद के पुत्र तौफीक अहमद ने नीट परीक्षा में ऑल इंडिया केटेगिरी में 10117 रैंक व ओबीसी केटेगिरी में 4247 रैंक लाकर कस्बे का नाम रोशन किया है। तौफीक अहमद ने कोटा में रहकर परीक्षा की तैयारी की थी। उनकी इस उपलब्धि पर परिजनों के अलावा नगर व क्षेत्र के लोगों ने उन्हें बधाई देकर उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर ब्लॉक उपाध्यक्ष साबिर खान, अनीस शेख, इरफान पठान, इकबाल मंसूरी, इस्तियाक मंसूरी, मुश्ताक मंसूरी व शाक़िर चांवलखेड़ी ने तौफीक अहमद के घर पहुंचकर माला पहनाकर व मुह मीठा करवाकर बधाई दी।

### संगोष्ठी आयोजित

**बूंदी** (निसं)। शहर के देवपुरा स्थित भाजपा जिला कार्यालय पर शनिवार दोपहर को संकल्प से सिद्धि अभियान के तहत विकसित भारत का अमृत काल मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन हुआ । कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा ने की। मुख्य वक्ता भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष भंवर लाल शर्मा थे । कार्यक्रम से पूर्व अतिथियों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य वक्ता भंवर लाल शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे हो चुके हैं।

### ऊर्जा राज्य मंत्री आज बूंदी दौरे पर

**बूंदी** (निसं)। ऊर्जा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं बूंदी जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर 15 जून को बूंदी आएंगे। निर्धारित कार्यक्रमानुसार नागर 15 जून को दोपहर एक बजे कलेक्ट्रेट सभागार में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के संबंध में समीक्षा बैठक लेंगे।

### बिना टिकट यात्रा करते 139 यात्री पकड़े

**कोटा,** (निसं)। मंडल में बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों पर अंकुश लगाने के लिए डीआरएम अनिल कालरा के मार्गदर्शन, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एवं मंडल सुरक्षा आयुक्त के निर्देशन में सवारी गाड़ियों में औचक सघन टिकट चैकिंग अभियान चलाया जा रहा है। विगत कई दिनों से लोकल सवारी गाड़ियों में बिना टिकट यात्रा करने की लगातार शिकायतें मिल रही थी। जिसके मद्देनजर 14 जून को कोटा-रामगंजमंडी-भवानीमंडी रेल मार्ग पर चार सवारी गाड़ियों गाड़ी संख्या 59838 कोटा-अकलेरा, गाड़ी संख्या 61616 कोटा-नागदा, गाड़ी संख्या 61623 चौमहला-कोटा एवं गाड़ी संख्या 59837 अकलेरा-कोटा में विशेष टिकट चैकिंग अभियान चलाया गया। इस टिकट चैकिंग अभियान में कुल 139 यात्री बिना टिकट यात्रा करते पकड़े गए। जिनसे कुल 42,500 रूपए का जुर्माना वसूल किया गया। यह अभियान दरा, मोड़क, रामगंजमंडी एवं भवानीमंडी स्टेशनों पर विशेष रूप से चलाया गया। चैकिंग अभियान में चैकिंग स्टॉफ लक्ष्मीकांत मीना, दीपक शर्मा, सलोनी शर्मा, विष्णु कुमारी, मुनेश मीना, नरेद्र सिंह एवं आरपीएफ स्टाफ हरमुख मीना, प्रवेश मीना एवं विष्णु त्रिवेदी ने अहम भूमिका निभायी। इस अभियान से रेलवे ने बिना टिकट यात्रा करने वालें यात्रियों की धड़पकड़ की है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि यह कार्यवाही आगे भी निरन्तर जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं ताकि बिना टिकट वाले यात्रियों पर अंकुश लगाया जा सकें।

# नीट में मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स को शानदार सफलता मिली

**कोटा,** (निसं)। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से देशभर के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए होने वाली नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेस टेस्ट (नीट-यूजी)-2025 के नतीजों में मोशन एजुकेशन के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए कामयाबी का परचम लहराया है।

मोशन के सात स्टूडेंट्स ने टॉप 100 केटेगिरी रैंक में जगह बनाई है। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि एनटीए का सर्वर डाउन चलने के कारण रिजल्ट कम्पाइल करने में देरी हो रही है। शनिवार शाम तक मिले परिणाम के मुताबिक इस बार नीट एग्जाम में मोशन के स्टूडेंट केशव मित्तल ने ऑल इंडिया रैंक (एआईआर) 7 हासिल की है। इसके अलावा एमडी युसूफ ने एआईआर 18, दर्शन मुले ने 19 , प्रतीक सिंह ने 50, राघव गोयल ने 62, अनुष्का शुक्रवाल ने 72 और जतिन कुमार ने एआईआर 85 हासिल की है। इसके अलावा टॉप 500 रैंक में 18 विद्यार्थी मोशन के हैं।

**सफलता का उत्सव मनाया:-** इद्रप्रस्थ औद्योगिक क्षेत्र में गोबरिया बावड़ी सर्किल के पास मोशन के दक्ष कैम्पस में शनिवार शाम सफलता का उत्सव मनाया गया। इस दौरान विद्यार्थियों, फैकल्टीज और स्टाफ ने केक काटा, ढोल बजाकर नृत्य किया



कोटा मोशन कोचिंग ने नीट की सफलता का जश्न मनाया।

और आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया। वक्ताओं ने कहा कि देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट के परिणाम में मोशन के सितारों ने शानदार सफलता हासिल की है। समारोह में चेयरमैन सुरेंद्र विजय, डायरेक्टर सुशीला विजय, डॉ.स्वाति विजय, डिप्टी डायरेक्टर व नीट डिवीजन के हेड अमित वर्मा और अन्य सीनियर फैकल्टीज ने चयनित विद्यार्थियों और टॉपर्स का अभिनंदन किया।

**टॉपर्स ने शेयर किए अनुभव, कहा:-** टेस्ट सीरीज़ बनी ताकत-इस दौरान टॉपर्स ने अपने अनुभव शेयर करते हुए बताया कि हमें मोशन के एक्सपीरियंस्ड फेकल्टी, अकेडमिक सिस्टम और कोटा के माहौल का भरपूर फायदा मिला। तैयारी के अंतिम दौर में पूरे पाठ्यक्रम पर आधारित टेस्ट देने और उनमें मिली कमियों को ठीक करने से बड़ा लाभ मिला। उन्होंने कहा कि निरंतरता और समर्पण के साथ तैयारी ही कामयाबी की ओर ले जाती हैं। सफलता के लिए हार्डवर्क के साथ-साथ नियमितता और अनुशासन जरूरी है। कंसंट्रेट होकर की गई पढ़ाई सफल बनाती है। उन्होंने कहा कि ब्रह्मास्त्र टेस्ट सीरीज के जरिए प्रेक्टिस से एग्जाम का लेवल और पैटर्न समझकर अपनी कमियों को दूर करने का मौका मिला। इसका उनकी सफलता में बड़ा योगदान रहा।

**जल्द शुरू होगी काउंसलिंग, इन बातों का रखें ख्याल:-** मोशन एजुकेशन के सीईओ नितिन विजय ने बताया कि परिणाम आने के बाद अब काउंसलिंग शुरू होगी। ऑल इंडिया कोटा (एआईक्यू) राउंड-एक के बाद ही स्टेट काउंट राउंड-एक शुरू होगा।

- सात विद्यार्थियों ने बनाई टॉप 100 में जगह

ऐसे में अगर आपका पहले एआईक्यू में नहीं होता है तो स्टेट काउंसलिंग में हो सकता है। ठीक इसी प्रकार दूसरे, तीसरे और चौथे राउंड के लिए होगा। इसकी डेट वगैरह की जानकारी एनएमसी और स्टेट गवर्नमेंट की काउंसलिंग बॉडी के नोटिफिकेशन में मिल जाएगी।

उन्होंने बताया कि नीट काउंसलिंग में सिर्फ अच्छे नंबर ही नहीं, सही रणनीति भी जरूरी है। नए मेडिकल कॉलेज खुलते हैं, कुछ की मान्यता खत्म होती है, ऐसे में सीटें हर साल बदलती हैं। इसलिए केवल पिछले साल की क्लोजिंग रैंक पर भरोसा पर्याप्त नहीं है, बल्कि छात्रों को अपनी कैटेगरी, कोटा और योग्यता के अनुसार सीटों का विश्लेषण करके स्टूडेंट्स की पसंद और प्रवृत्ति को समझकर चॉइस भरनी चाहिए। राज्य कोटा से आवेदन करने वालों को डोमिसाईल और स्थानीय नियमों को ध्यान से पढ़ना जरूरी है। अलग-अलग काउंसलिंग राउंड एक साथ चलते हैं, जिससे छात्र भ्रमित हो जाते हैं। ऐसे में हर काउंसलिंग की तारीख, रजिस्ट्रेशन शेड्यूल और अपग्रेडेशन ऑप्शन की स्पष्ट समझ जरूरी है।